व्यक्तियों और फर्मों की ओर आयकर की बकाया राशि

224. श्री राघवजी : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सर्वाधिक आयकर बकाया वाले 20 व्यक्तियों, फर्मों अथवा कम्पनियों के नाम क्या-क्या हैं और 31 जनवरी, 1995 की स्थिति के अनुसार उनमें से प्रत्येक पर आय कर की कितनी-कितनी राशि बकाया है ; और

(ख) उपर्युक्त निर्धारितियों से आयकर की बकाया राशि की वसूली के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. वी. चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) 31-12-1994 की स्थिति के अनुसार, कर अदा न करने वाले 15 शीर्ष कर बकायादारों के नाम नीचे दिए गए है :--

(करोड़ रुपयों में)

कर बकायादार का नाम	बकाया मांग
1. हर्षद एस० मेहता .	1049.00
2 भारतीय स्टेट बैंक .	742.25
3 श्री हितेन पी० दलाल	451.99
4. मैसर्स भारत हेवी इलैक्ट्रीकल्स लि० .	288.84
5. मैसर्स पीयरलैस जनरल फाइनेंस एंड इन्वेस्टमेंट कंपनी लि० .	243.63
6 मैसर्स जी०टी०सी० इंडस्ट्रीज लि0 .	211.76
7 मैसर्स धनराज मिल्स लि०	196.75
8. श्री भूपेन्द्र सी० दलाल	194.86
9 बैंक नेशनल डि पेरिस	166.20
10 सिटी बैंक एन०ए० .	139.38
11. यूनाइटेड बैंक आफ इंडिया . .	138.60
12 अमेरिकन एक्सप्रैस बैंक	111.08
13 श्री बी०एस० गांधी .	81.67
14 मेसर्स ग्रोमोर रिसर्च एंड एसेटस मैनेजमेंट लि0	79.45
15. मैसर्स स्टील अथॉरिटी आफ इंडिया लि0 .	60.46

(ख) किस्तों की मंजूरी सहित मांग की वसूली करने के लिए विभिन्न प्रकार के कदम उठाए जा रहे हैं और जहां मामले अपील में फंसे हुए हैं, वहां इन अपीलों को तत्काल निपटाने के लिए अपीलीय प्राधिकारियों से अनुरोध किया गया है । कुछ मामलों में, अभिरक्षक के पास रखी हुई कर-निर्धारितियों की परिसंपत्तियों में से वसूली की जा रही है और कुछेक मामलों म मांग की वसूली के लिए विशेष न्यायालय में याचिका दायर की गई है। कुछ मामलों में उच्च न्यायालय/आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण द्वारा मांग को स्थगित कर दिया गया है ।

आयकर विभाग द्वारा प्रतिभूति घोटाले में की गई कार्यवाही

225. श्री राघवजी : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्रतिभूति और बैंक घोटाले के संदर्भ में आयकर विभाग द्वारा किन-किन व्यक्तियों, फर्मों और कंपनियों के खिलाफ क्या-क्या कार्यवाही की गई है ,

(ख) अब तक की गई कार्यवाही के संदर्भ में क्या प्रगति हुई है; और

(ग) यदि कोई कार्यवाही नहीं की गई है, तो उसके क्या कारण हैं ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. वी. चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) और (ख) केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने इस मामले में की गई कार्रवाई के संबंध में संयुक्त संसदीय समिति को समय-समय पर सूचित किया था। समिति ने 21-12-1993 को अपनी रिपोर्ट संसद में प्रस्तुत की। सरकार, की गई कार्रवाई संबंधी अपनी रिपोर्ट पहले ही प्रस्तुत कर चुकी है और की गई कार्रवाई से संबंधित संशोधित उत्तर भी क्रमश: 26-7-1994 तथा 20-12-94 को संसद में पेश कर चुकी है। 31-1-1995 की स्थिति के अनुसार, हर्षद मेहता ग्रुप और भूपेन दलाल ग्रुप के मुख्य-मुख्य मामलों में आयकर विभाग द्वारा की गई कार्रवाई का ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

हर्षद महता तथा संबद्ध ग्रुप

(i) किए गए आयकर और धनकर निर्धारणों की संख्या	139
(ii) जारी की गई मांग (पूर्णांकों में)	1315 करोड़ रु०
(iii) ऐसे मामलों की संख्या जिन में अर्थदंड लगाया गया	16
(iv) लगाए गए अर्थदण्ड की राशि (रु० करोड़ों में)	2.21

भूपेन दलाल और संबद्ध ग्रुप

(i) किए गए आयकर और धनकर निर्धारणों की संख्या	128
(ii) जारी की गई मांग (पूर्णांकों में)	821 करोड़ रु०

आयकर अधिनियम के विभिन्न उपबंधों के अंतर्गत इन चूकों के बारे में इन ऋणों के विभिन्न कर-निर्धारितियों के विरुद्ध उपयुक्त न्यायालयों में 44 अभियोजन संबंधी शिकायतें भी दायर की गई है।

(ग) प्रश्न के भाग (क) और (ख) के उत्तर को ध्यान में रखते हुए यह प्रश्न नहीं उठता।

Performance of mxed economy in the country

226. *SHRI IQBAL SINGH:* Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) what has been the impact of the lberalisation policy on the mixed economy of the country since 1991;

(b) whether Government are satisfied with the performance of the economy during the years 1991-92, 1992-93, 1993-94 and 1994-95; and

(c) the achievements made in the field of employment and eradicating of poverty in the country particularly in the backwrd districts of the country?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI M. V. CHANDRASHEKHAR MURTHY): (a) and (b) There has been a significant improvement in the performance of the economy as reflected in the following table:

1	2	1991-92 3	1992-93 4	1993-94 5	1994-95 6
1.	GDP growth (in per cent)	0.9	4.3P	4.30Q	5.3A
2.	Overall Industrial Growth (in per cent) .	0.6	2.3	4.1	8.0
3.	Food grains production (Million tonnes) .	168.4	179.5	182.1	185.0E